# अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
## (हिंदी अनुभाग)

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

फा.सं.5-1/2023-हिं.अ. दिनांक: 18.08.2023

## परिपत्र

**विषय: अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में विभागों/अनुभागों/केन्द्रों द्वारा हिंदी में सर्वाधिक कार्य करने पर अंत:विभागीय राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता।**

संस्थान में दिनांक 01.09.2023 से 29.09.2023 तक "हिंदी माह" मनाये जाने का प्रस्ताव है। हिंदी माह के दौरान दिनांक 23 अगस्त, 2023 से 22 सितम्बर, 2023 तक एक माह की अंत:विभागीय हिंदी नोटिंग-ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

इस प्रतियोगिता की अवधि के बाद एक निश्चित तारीख को निरीक्षण दल द्वारा सम्बद्ध विभाग/अनुभाग/केन्द्र द्वारा हिंदी में किए गए कार्य का निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण दल द्वारा घोषित परिणाम अन्तिम माना जाएगा और निरीक्षण दल द्वारा घोषित परिणाम के आधार पर राजभाषा शील्ड प्रदान की जाएगी। किसी विभाग/अनुभाग/केन्द्र द्वारा यह राजभाषा शील्ड लगातार 3 वर्षों तक जीत लेने पर सम्बद्ध विभाग/अनुभाग/केन्द्र की मान ली जाएगी।

अत: सभी केन्द्र-प्रमुख तथा विभाग/अनुभाग-अध्यक्षगण से अनुरोध है कि वे राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता के तहत अपने सम्बद्ध विभाग/अनुभाग/केन्द्र के सभी कर्मचारियों को उक्त अवधि में अधिक से अधिक सरकारी कार्य हिंदी में करने हेतु प्रेरित करें।

**(नीरज कुमार शर्मा)**
**वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं**
**राजभाषा अधिकारी**

वितरण :- सभी विभाग/अनुभाग/केन्द्र।

**प्रतिलिपि:-**

1. निदेशक/संकायाध्यक्ष/चिकित्सा अधीक्षक महोदय के निजी सचिव।
2. अपर निदेशक (प्रशासन)/वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी महोदय के निजी सचिव।
3. उप-सचिव महोदय के निजी सचिव।
4. मुख्य प्रशासन अधिकारी/अधीक्षण अभियंता/वित्त सलाहकार महोदय के निजी सचिव।
5. प्रभारी-आचार्य, कंप्यूटर सुविधा- इस अनुरोध के साथ कि कृपया इस परिपत्र को संस्थान की वेबसाईट पर अपलोड करवा दिया जाए।